दिन– शुक्रवार दिनांक– 29 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य की चालीस लोकसभा सीटों के बंटवारे के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सहमति बनी। आज होगी औपचारिक घोषणा।

02. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त। कुल एक सौ दस उम्मीदवारों ने भरे पर्चे।

03. राज्य सरकार ने तंबाकू और तंबाकू से बने पान मसाले और गुटखा पर प्रतिबंध की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ायी।

04. और, आज गुड फ्राइडे है। गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

प्रदेश की चालीस लोकसभा सीटों को लेकर इंडी गठबंधन के प्रमुख दल राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का फार्मूला तय हो गया है। सूत्रों ने बताया कि राजद छब्बीस सीटों पर, कांग्रेस नौ सीटों पर जबकि भाकपा माले समेत अन्य वाम दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इंडी गठबंधन की ओर से आज दोपहर बाद पटना स्थित राजद कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गयी है, जिसमें सीट बंटवारे का औपचारिक ऐलान किया जायेगा।

---

बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में नामांकन में प्रक्रियासमाप्त हो गई है। चारों संसदीय क्षेत्रों में कुल एक सौ दस नामांकन पत्र दाखिल किये गये। और ब्योरा हमारे संवाददाता से...

–––बाईट–––

पहले चरण के लिए नामांकन के अंतिम दिन भाजपा, राष्ट्रीय जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों के बड़ी संख्या में प्रत्याशियों में नामांकन पत्र दाखिल किये। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय जनता दल से उनके प्रतिद्वंद्वी राज्य के पूर्व कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने गया संसदीय सीट से नामांकन पर्चा भरा। पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ० सीपी ठाकुर के पुत्र विवेक ठाकुर ने नवादा से भाजपा प्रत्याशी के रुप में नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व महानिदेशक डॉ जगदीश प्रसाद ने जमुई संसदीय सीट से पर्चा दाखिल किया। वहीं लोजपा रामविलास के अरुण

भारती जमुई और राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुमार कुशवाहा तथा अर्चना कुमारी रविदास औरंगाबाद और जमुई लोक सभा सीट से नामांकन दाखिल करने वाले प्रमुख प्रत्याशी रहे। धर्मेनद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

पहले चरण के तहत नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। अभ्यर्थी दो अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकते हैं। मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग लगातार अभियान चला रहा है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के साथ निर्वाचन आयोग मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चला रहा है।

———बाईट——

———————————————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान का नारा है– युवा मतदाता के रूप में आप प्रेरित कर सकते हैं राज्य के लाखों युवाओं को। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय ने एक वाट्सएप नम्बर – **सात–शून्य–शून्य–चार–नौ–एक–शून्य–पांच–छह–शून्य** जारी किया है। युवा इस वाट्सएप नम्बर पर मतदान करने की अपील से संबंधित अपना वीडियो साझा कर सकते हैं।

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में मतदान कार्य से जुड़े कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों के मानदेय भुगतान से संबंधित दिशा–निर्देश जारी कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि इक्कीस श्रेणियों में कर्मियों के लिए यात्रा और दैनिक भत्ता भुगतान की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि कर्मियों को अल्पाहार और भोजन के लिए प्रतिदिन तीन सौ पचास रूपये मिलेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग और वित्त विभाग की सहमति से यात्रा और दैनिक भत्ता भुगतान का निर्धारण किया गया है।

———————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले समारोह में जननायक के पुत्र और राज्य सभा सदस्य रामनाथ ठाकुर यह सम्मान ग्रहण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। समारोह में कर्पूरी ठाकुर के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

---

राज्य सरकार ने तंबाकू और तंबाकू से बने हर प्रकार के पान मसाले और गुटखा पर प्रतिबंध की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। खाद्य संरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रतिबंध के तहत तंबाकू और निकोटीन युक्त किसी भी प्रकार के पान मसाले और गुटखा के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन, प्रदर्शन और बिक्री पर रोक रहेगी। गौरतलब है कि राज्य में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप वर्ष दो हजार सोलह से पान मसाले और गुटखा पर रोक लगी हुयी है।

---

शिक्षा विभाग ने दूसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत चयनित शिक्षकों को इकतीस मार्च तक योगदान करने का अवसर दिया है। पहले अंतिम तिथि पच्चीस मार्च तक निर्धारित थी। विभाग के अनुसार ऐसे शिक्षकों की संख्या लगभग पांच हजार है, जिन्होंने अभी तक संबंधित विद्यालयों में योगदान नहीं किया है।

---

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेंगे। गुड फ्राइडे पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने संदेश मे कहा है कि यह दिन ईसा मसीह के संघर्ष और बलिदान की पुण्य स्मृति का दिन है। हम सभी को ईसा मसीह द्वारा बताये गए जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु

के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी का पुनर्गठन कर दिया है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार शिक्षा मंत्री अकादमी की इक्कीस सदस्यीय सामान्य परिषद के अध्यक्ष होंगे। पदेन सदस्यों में पटना, तिलकामांझी, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव समेत कई अन्य सदस्य शामिल किये गये हैं। इन सदस्यों की कार्यावधि तीन साल की होगी।

———————————————————————————

हाजीपुर–सुगौली नई रेललाइन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित पारूखास –देवरिया रेलखंड पर कल स्पीड ट्रायल होगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि स्पीड ट्रायल के बाद पूर्वी परिमंडल कोलकता के संरक्षा आयुक्त रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने स्पीड ट्रायल के दौरान लोगों से रेलवेलाईन से दूर रहने की अपील की है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत इक्कीस शहरों के अधिकतम तापमान में आंशिक कमी दर्ज की गयी है। वहीं, दस शहरों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले चार दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————

पटना पुलिस में कांस्टेबल के रूप में कार्यरत अंजली कुमारी का चयन विश्व एथेलेटिक्स क्रिस कंट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन सर्बिया के बेलग्रेड में होगा। अंजली बिहार की पहली खिलाड़ी हैं, जिनका चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

———————————————————————————————————

पटना की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी रघुनंदन पासवान को बीस वर्ष कारावास और पंद्रह हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————————————

पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र के मोहनिया मुन्ना चौक के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर चार लाख इकहत्तर हजार रूपये लूट लिये। वहीं, समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुआहा गांव के पास अपराधियों ने एक पेट्रोल पम्प कर्मी से हथियार के बल पर तीन लाख अट्ठासी हजार रूपये लूट लिये।

———————————————————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के बनखता चौक के पास एक मिठाई की दुकान में पुलिस ने छापेमारी कर तीन सौ आठ ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————————

पटना के केवड़ा चौकी क्षेत्र अंतर्गत तेलिअईनपर गांव में पुलिस ने अफीम की खेती का उद्भेदन कर फसल को नष्ट कर दिया। इस मामले में पुलिस ने संबंधित किसान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

———————————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– पहले चरण में जदयू, कांग्रेस और वाम दलों से प्रत्याशी नहीं। राजद से चार, भाजपा से दो और लोजपा–आर. तथा हम से एक–एक ने भरा पर्चा।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है– महागठबंधन में सीटे तय। नियम और शर्ते लागू। सीट बंटवारे के नियम भी राजद के और शर्ते भी उसी की।

**दैनिक जागरण** ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– जरूरत पड़ी तो अग्निपथ में बदलाव संभव।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा विभाग की बैठक रद्द। न अफसर पहुंचे और न ही कुलपति।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– केजरीवाल ने कोर्ट में खुद की पैरवी, ईडी की रिमांड एक अप्रैल तक बढ़ी।

**आज अखबार** लिखता है– हार्ट अटैक से मुख्तार अंसारी की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. राज्य की चालीस लोकसभा सीटों के बंटवारे के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सहमति बनी। आज होगी औपचारिक घोषणा।

02. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त। कुल एक सौ दस उम्मीदवारों ने भरे पर्चे।

03. राज्य सरकार ने तंबाकू और तंबाकू से बने पान मसाले और गुटखा पर प्रतिबंध की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ायी।

04. और, आज गुड फ्राइडे है। गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।